भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 551
गुरुवार, दिनांक 04 फरवरी, 2021 को उत्तर दिए जाने हेतु

एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम

551. श्री गोपाल शेट्टीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम किस प्रकार कार्यान्वित किया जा रहा है और उक्त कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) क्या उक्त राज्यों में उक्त कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति से संबंधित कोई सर्वेक्षण किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त कार्यक्रम ने राज्यों में अपेक्षित सफलता प्राप्त की है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (च): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा देश में अब एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा कार्यक्रम का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को दिनांक 31.03.2005 तक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में क्रियान्वित किया गया था।

*****